

एक नजर में

## शांति समिति-ग्राम रक्षा समिति की बैठक



**बड़वानी।** एसपी पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन में शुक्रवार को शहर कोतवाली परिसर में थाना प्रभारी बलजीत सिंह बिसेन की उपस्थिति में ग्राम रक्षा समिति एवं शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में समिति सदस्यों, जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों के साथ आगामी त्यौहारों को शांति, भाईचारे एवं सामाजिक सौहार्द के साथ मनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सोशल मीडिया पर फैलने वाली भ्रामक खबरों एवं अफवाहों से सतर्क रहने की समझाईश दी। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि अफवाह फैलाकर शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी बिसेन ने सुरक्षा व्यवस्था एवं कानून व्यवस्था को लेकर नागरिकों एवं समिति सदस्यों से चर्चा की। उन्होंने त्यौहारों के दौरान सतर्क रहने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि या असामाजिक तत्वों की जानकारी तत्काल पुलिस को देने की अपील की। वहीं ग्राम रक्षा समिति एवं शांति समिति के सदस्यों ने त्यौहारों के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। साथ ही सभी समुदायों से अपील की गई कि वे अपने धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम पारंपरिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करें तथा सार्वजनिक स्थानों पर पशु बलि जैसे कार्यों से बचे। आमजनों से अपील की कि किसी भी आपातकालीन स्थिति या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दे। बैठक में तहसीलदार, सीएमओ नगपालिका, थाना प्रभारी, नागरिक पत्रकार तथा ग्राम, नगर रक्षा समिति के सदस्य एवं थाने का स्टॉफ उपस्थित रहा।

## लावारिस-जब्तशुदा वाहनों की हुई खुली नीलामी



**बड़वानी।** जिले में पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार थानों में लंबे समय से रखे लावारिस एवं जप्तशुदा वाहनों के निराकरण के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में एसपी पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन एवं एएसपी धीरज बब्बर तथा एसडीओपी महेश सुनैया के मार्गदर्शन में थाना पाटी द्वारा सार्वजनिक नीलामी की कार्रवाई संपन्न की गई। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा जारी आदेशानुसार 22 मई को थाना परिसर पाटी में खुली नीलामी हुई। जिसमें 14 दोपहिया वाहनों को विक्रय के लिए रखा गया। इस दौरान 14 में से 9 वाहनों का निराकरण कर 220250 रूपए की राशि प्राप्त की गई। अधिकतम बोली लगाने वाले आवेदकों के पक्ष में मौके पर ही वाहन सुपुर्दगी संबंधी अग्रिम वैधानिक औपचारिकताएं पूर्ण की गई। जबकि शेष 5 वाहनों के लिए संतोषजनक बोली प्राप्त नहीं होने से उन्हें आगामी नीलामी के लिए सुरक्षित रखा गया है। इस तहसीलदार पाटी श्रीमती बबली बर्डे, नायब तहसीलदार पाटी दीपक मस्कोले, थाना प्रभारी पाटी उप निरीक्षक रामदास यादव, राजस्व विभाग का स्टॉफ एवं थाना पाटी के अधिकारी और कर्मचारियों की भूमिका रही।

## डीपी आभूषण ने रिकॉर्ड वित्तीय प्रदर्शन की घोषणा की

**इंदौर .** डीपी आभूषण लिमिटेड ने 31 मार्च, 2026 को समाप्त तिमाही और वित्तीय वर्ष के अपने वित्तीय परिणाम घोषित किए हैं, जिसमें सभी प्रमुख मानकों पर एक ऐतिहासिक प्रदर्शन दर्ज किया गया है . 31 मार्च, 2026 को समाप्त तिमाही के लिए, कंपनी ने 50 .60 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज किया है . यह मुनाफे में उल्लेखनीय दोगुनी बढ़त है, जो पिछले वित्तीय वर्ष की इसी तिमाही के 25 .15 करोड़ रुपए की तुलना में लगभग 101 .2% की वृद्धि को दर्शाता है . 31 मार्च, 2026 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए शुद्ध लाभ लगभग 87 .9% बढ़कर 211 .84 करोड़ रुपए हो गया, जबकि पिछले वित्तीय वर्ष में यह 112 .70 करोड़ रुपए था . यह 99 करोड़ रुपए से अधिक के अतिरिक्त लाभ को दर्शाता है, जो कंपनी की बेहतर होती परिचालन दक्षता और बढ़ते मार्जिन को रेखांकित करता है . पूरे वित्तीय वर्ष के लिए कुल राजस्व 4,065 .13 करोड़ रुपए रहा, जिसने वित्त वर्ष 2024-25 के 3,310 .79 करोड़ रुपए की तुलना में 22 .8% की स्वस्थ वृद्धि दर्ज की है . कंपनी के पूर्णकालिक निर्देशक अनिल कटारिया ने कहा यह डी . पी . आभूषण लिमिटेड के लिए एक उत्कृष्ट वर्ष रहा है . एकल तिमाही में हमारे शुद्ध लाभ को दोगुना करना और वार्षिक पेट में लगभग 88% की वृद्धि दर्ज करना, हमारे ग्राहकों द्वारा हम पर जताए गए विश्वास और हमारी टीम के निरंतर प्रयासों का प्रमाण है .

## गिरते मार्केट में निवेशक क्या करें?

हाल ही में भारतीय शेयर बाज़ार में हल्की गिरावट देखने को मिली . बीएसई सेंसेक्स 75,201 .00 पर बंद हुआ, जिसमें 114 अंकों (0 .15%) की गिरावट रही, जबकि एनएसई निफ्टी 50 23,618 .00 पर बंद हुआ और इसमें 32 अंकों (0 .14%) की कमजोरी दर्ज की गई . ऐसे समय में कई निवेशक घबराकर अपने निवेश बेचने का सोचने लगते हैं, लेकिन यही सबसे बड़ी गलती हो सकती है . फाइनेंसियल एडवाइजर पीयूष जैन के अनुसार मार्केट में उतार-चढ़ाव सामान्य प्रक्रिया है . सफल निवेशक गिरावट को डर नहीं, बल्कि अवसर की तरह देखते हैं . यदि आपका लक्ष्य रिटायरमेंट प्लानिंग, बच्चों की शिक्षा या वेल्थ क्रिएशन है, तो छोटी अवधि की गिरावट पर पैनिक करने की जरूरत नहीं है . गिरते मार्केट में सिप बंद करने के बजाय जारी रखना अधिक फायदेमंद हो सकता है, क्योंकि इस दौरान कम कीमत पर अधिक यूनिट्स मिलती हैं .

# तालाब की पिचिंग अधूरी, पोर्टल पर फिजिकली कंप्लीट

**सेंधवा, (रमन बोरखड़े)।** प्रदेशभर में जल संरक्षण, जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन और वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान में अब बड़वानी जिले से गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आने लगे हैं। रिचार्ज कूप पीट निर्माण में गड़बड़ियों के बाद अब सेंधवा जनपद की ग्राम पंचायत कलालदा में बनाए जा रहे अमृत सरोवर परकोलेशन टैंक पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

आरोप है कि तालाब की पिचिंग तक पूरी नहीं हुई, बावजूद इसके जल गंगा संवर्धन पोर्टल पर कार्य को फिजिकली कम्प्लीट दर्शा दिया गया। मौके की स्थिति और पोर्टल पर दर्ज जानकारी में अंतर सामने आने के बाद ग्रामीणों में नाराजगी है और पूरे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं।

### अधिकारियों के दावों में विरोधाभास

मामले में मनरेगा एई शैलेंद्र सोलंकी और इंजीनियर प्रशांत शर्मा की भूमिका भी सवालों के घेरे में आ गई है। जब इस संबंध में मनरेगा एई शैलेंद्र सोलंकी से चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि वे मामले की जानकारी इंजीनियर प्रशांत शर्मा से लेंगे। वहीं इंजीनियर शर्मा ने बताया कि कल तक पिचिंग कंपलिट हो जाएगी। इंजीनियर के इस कथन से भी स्पष्ट हो गया है कि पिचिंग अधूरी है, तो फिर पोर्टल पर पूर्ण क्यों

इंजीनियर प्रशांत शर्मा ने दो फोटो भी भेजे, लेकिन उन तस्वीरों में भी पिचिंग अधूरी दिखाई दे रही है। इससे अधिकारियों के दावों व जमीनी हकीकत के बीच बड़ा अंतर उजागर हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि अधूरे कार्यों को पूर्ण बताकर शासन की योजनाओं को कागजों में सफल दिखाने की कोशिश की जा रही है।



### 63 प्रतिशत राशि खर्च, फिर भी निर्माण अधूरा

वर्ष 2022-23 में अमृत सरोवर परकोलेशन टैंक जिबन्या फलिया बलराम के खेत पास नाम से स्वीकृत यह कार्य जल संरक्षण एवं रिचार्ज श्रेणी के अंतर्गत शामिल किया था। अधिकारियों ने मजदूरी मद में 7 लाख 66 हजार 67 रुपये तथा सामग्री मद में 7 लाख 27 हजार 111 रुपये स्वीकृत किए थे। पोर्टल अनुसार मजदूरी मद में 4 लाख 9 हजार 821 और सामग्री मद में 5 लाख 38 हजार 261 रुपये की राशि बुक की जा चुकी है। कुल मिलाकर कार्य पर 63 .5 प्रतिशत राशि व्यय दर्शाई गई है। हालांकि मौके पर तालाब का निर्माण अधूरा दिखाई दे रहा है। वर्ष 2023 से चल रहा यह निर्माण कार्य आज तक पूरा नहीं हो पाया है, जिससे योजना के क्रियान्वयन और निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं।

### जांच की जाएगी

मामले में जिला पंचायत सीईओ काजल जावला से उनका पक्ष जानने के लिए कॉल किया, लेकिन उन्होंने रिसीव नहीं किया। सेंधवा जनपद सीईओ अंजली बड़ोले ने कहा कि मामले की जांच की जाएगी।

### टीएस और एस्टीमेट पर भी उठे सवाल

ग्रामीणों और क्षेत्र के लोगों ने परकोलेशन टैंक की तकनीकी स्वीकृति और एस्टीमेट को लेकर भी सवाल खड़े किए हैं। निरीक्षण के दौरान यह बात सामने आई कि तालाब के कैचमेंट एरिया के चारों ओर पहाड़ियां स्थित हैं। ऐसे में बारिश के दौरान इस तालाब में लगातार पानी पहुंचने की संभावना को लेकर भी संदेह जताया जा रहा है। लोगों का कहना है कि यदि निर्माण स्थल और तकनीकी मानकों का सही मूल्यांकन नहीं किया गयाए तो करोड़ों रुपये खर्च होने के बाद भी जल संरक्षण का उद्देश्य पूरा नहीं हो पाएगा। अब पूरे मामले में जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यप्रणाली और निगरानी तंत्र पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

# सीएम राइज सांदीपनी स्कूल के लिए विधायक ने किया जमीन का निरीक्षण

**पानसेमल, (नवभारत)।** विधानसभा क्षेत्र में लगातार विकास कार्यों की सौगात के बाद शिक्षा के क्षेत्र में एक और उपलब्धि मिलने जा रही हैं, जिसे लेकर विधायक श्याम बरडे ने प्रस्तावित भूमि का अवलोकन किया।

विधायक कार्यालय के अनुसार ग्राम पंचायत दोदवाड़ा स्थित नवनिर्मित सांदीपनि (सीएम राइस) विद्यालय के बालक-बालिकाओं हेतु प्रस्तावित 100-100 सीटर आवासीय परिसर निर्माण के लिए भूमि का अवलोकन किया। विधायक बर्डे ने स्पष्ट कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी शक्ति है तथा ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा, सुरक्षित आवास एवं आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।



भूमि अवलोकन के दौरान जिले के पीडब्ल्यूडी विभाग के वरिष्ठ अधिकारी अपनी टीम सहित उपस्थित रहे। वहीं क्षेत्र के वरिष्ठ नेता मनोहर पटेल एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी विद्यालय के समीप शासकीय भूमि का निरीक्षण कर आवासीय परिसर हेतु उपयुक्त भूमि चयन में सहभागिता निभाई। क्षेत्रवासियों ने विधायक का आभार जताया।

जनपद पंचायत सदस्य किशोर वारुडे, वरिष्ठ नेता मनोहर पटेल, मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत महाजन, प्रकाश जोशी, सरपंच रामलाल परमार, भरत वारुडे, जालमसिंह पण्ड्या, लाला जोशी सहित कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

दूसरी ओर विकास कार्यों के निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन पुलिया के कार्य में लापरवाही और गुणवत्ता को लेकर नाराजगी जताई है। विधायक बरडे ने ग्राम पंचायत दौंदवाड़ा में मालकातर मार्ग पर निर्माणाधीन ब्रिज का निरीक्षण किया। यह मार्ग मध्यप्रदेश के ग्रामों को महाराष्ट्र से जोड़ने वाला प्रमुख एवं महत्वपूर्ण मार्ग माना जाता है।

इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं वाहनों का आवागमन होता है। ग्रामीणों ने विधायक को निर्माण कार्य में हो रही देरी एवं लापरवाही को लेकर शिकायत की। इस अवसर पर जनपद सदस्य किशोर बारूडे, वरिष्ठ नेता मनोहर पटेल, मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत महाजन, मंडल महामंत्री प्रकाश जोशी, सरपंच रामलाल परमार, जालमसिंह, भरत वारुडे, अनिल वारुडे, लाला जोशी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### कभी भी घट सकती है कोई बड़ी दुर्घटना

ग्रामीणों ने बताया कि करीब 2 करोड़ राशि की लागत से लगभग दो वर्षों से ब्रिज निर्माण कार्य जारी है, लेकिन आज तक कार्य पूर्ण नहीं हो पाया। संबंधित अधिकारियों से कई बार अनुरोध करने के बावजूद सुनवाई नहीं हो रही है। वर्षा ऋतु निकट आने के बावजूद कार्य की कोई गतिविधि दिखाई नहीं दे रही है, जिससे आमजन में भारी चिंता एवं नाराजगी व्याप्त है। ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के समय इस क्षेत्र में नदी पर बड़े स्तर पर बाढ़ की स्थिति बनती है, जिससे आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो जाता है और कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना घट सकती है।

# पेटलावद में अखंड संकीर्तन के साथ श्रीजी पादुका स्पर्श महोत्सव शुरू

▶ गुजरात से आए भक्तों के स्वागत में निकली शोभायात्रा

**पेटलावद। श्री सरस्वती नंदन स्वामी भजनाश्रम में श्री जी पादुका स्पर्श महोत्सव के पावन अवसर पर देशभर से आए गुरुभक्तों का समागम शुरू हो चुका है। 22 मई को विभिन्न प्रदेशों से आए श्रद्धालुओं का पेटलावद की पावन धरा पर आगमन हुआ, जिसके बाद 23 मई शनिवार को अरुणोदय बेला अलसुबह में विधि-विधान से आरती-पूजन के साथ दिव्य अखंड संकीर्तन का मंगल शुभारंभ किया गया।**



जानकारी अनुसार अधिकमास के पावन योग में आयोजित हो रहा यह अखंड हरिनाम संकीर्तन आगामी 26 मई तक निरंतर चौबीसों घंटे गूंजेगा, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय होगा। महोत्सव के तहत नगर में गुरुभक्तों के एक दल का आगमन हुआ। गुजरात के बड़ौदा (वडोदरा) से भक्तों का एक विशाल जत्था ट्रेन द्वारा बामनिया स्टेशन पहुंचा। बामनिया स्टेशन पर सभी आगंतुक भक्तों का आत्मीय स्वागत और नाश्ता करवाया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं को पेटलावद के ऐतिहासिक नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे। जहां दर्शन के बाद नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर से भगवान के जयकारों और भजन-कीर्तन की धुनों पर एक भव्य व विशाल शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गुरुद्वारा मंदिर पहुंची। यात्रा का दवे व भट्ट परिवार ने स्वागत किया। शोभायात्रा के गुरुद्वारा मंदिर पहुंचने पर भव्य महाआरती का आयोजन भी हुआ।

तत्पश्चात, देशभर से आए गुरुभक्तों और स्थानीय श्रद्धालुओं का एक आत्मीय मिलन समारोह हुआ। अरुणोदय वेला मे गुरुदेव की मंगला आरती के साथ अखंड संकीर्तन का शुभारंभ हुआ। जिसमे गुजरात से आये भक्तो ने अपने चार दल बना कर अखंड कीर्तन के क्रम को प्रारंभ किया। भजनाश्रम प्रबंधन और आयोजन समिति ने क्षेत्र के समस्त धर्मप्रेमी जनता से अनुरोध किया है कि इस पांच दिवसीय दिव्य महोत्सव, अखंड संकीर्तन में शामिल होने की अपील की है। आयोजन में बैकुंठ धाम थांदला के गुरु भक्तों ने भी बढ़-चढ कर हिस्सा लिया। नगर के गुरु भक्ति की यात्रा में शामिल हुए। आज की अन्नपूर्णा पूजन का लाभ कृष्णा बेन त्रिवेदी, वेंकट त्रिवेदी और मुकेश सोनी परिवार द्वारा लिया गया।

## नेक्सस इंदौर सेंट्रल में ओपन चेस टूर्नामेंट आज

**इंदौर .** नेक्सस इंदौर सेंट्रल 24 मई को दोपहर 1 बजे से एक रोमांचक ओपन चेस टूर्नामेंट का आयोजन करने जा रहा है, जिसमें प्रतियोगिता और समुदाय की भागीदारी एक ही जगह देखने को मिलेगी . इस टूर्नामेंट में 100 से अधिक शतरंज प्रेमियों के भाग लेने की उम्मीद है, जिनमें अलग-अलग आयु वर्ग के छात्र और खिलाड़ी शामिल हैं . इस आयोजन का उद्देश्य वीकेंड जैसा माहौल बनाना और आगंतुकों को एक रोमांचक अनुभव देना है . समुदाय-केंद्रित सहभागिता पहल के रूप में तैयार किया गया यह आयोजन आगंतुकों के लिए एक बौद्धिक, रोचक और संवादात्मक अनुभव बनाने का लक्ष्य रखता है . अनुभवी खिलाड़ियों से लेकर नए शतरंज प्रेमियों तक, यह टूर्नामेंट सभी प्रतिभागियों और आगंतुकों के लिए प्रतिस्पर्धी लेकिन परिवार के अनुकूल माहौल का वादा करता है . इस पहल का उद्देश्य समुदाय की भागीदारी को बढ़ावा देना है, साथ ही आगंतुकों को अपनी प्रतिभा दिखाने, अन्य शतरंज प्रेमियों से मिलने-जुलने और एक यादगार अनुभव लेने का मंच देना है .

# जंगल में छिपाकर रखी 65 लाख की शराब जब्त, तस्कर फरार

## आबकारी विभाग की ऐतिहासिक कार्रवाई से शराब माफियाओं में मचा हड़कंप

**आलीराजपुर।** जिले में आबकारी विभाग ने अवैध शराब कारोबार के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी और ऐतिहासिक कार्रवाई करते हुए करीब 65 लाख रुपये कीमत की अवैध शराब जब्त कर शराब माफियाओं के नेटवर्क पर बड़ा प्रहार किया है। जोबट क्षेत्र में की गई इस कार्रवाई में विभाग ने दो अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर करीब 800 पेटी अवैध शराब बरामद की।

बताया जा रहा है कि तस्करों ने शराब का विशाल जखीरा घने जंगलों में छिपाकर रखा था। मुखबिर से मिली सटीक सूचना के आधार पर आबकारी विभाग ने योजनाबद्ध तरीके से घेराबंदी कर इस पूरे अवैध कारोबार का पर्दाफाश किया। जानकारी के अनुसार वृत्त जोबट अंतर्गत ग्राम रामपुरा क्षेत्र के जंगलों में शराब से भरे वाहन संदिग्ध अवस्था में छिपाकर रखे गए थे। जिला आबकारी अधिकारी आर.एस. राठौर के निर्देशन एवं एडीओ जी.एस. रावत के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर कार्रवाई की गई। जब टीम मौके पर पहुंची तो जंगल के भीतर एक बड़ा ट्रक और एक पिकअप वाहन खड़े मिले। तलाशी के दौरान वाहनों के अंदर गुप्त केबिनों तथा तिरपाल के नीचे छिपाकर रखी गई भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद हुई। कार्रवाई के दौरान सबसे नाटकीय दृश्य तब सामने आया जब आबकारी विभाग की घेराबंदी देखकर पिकअप चालक घबरा गया। खुद को चारों तरफ से घिरता देख उसने फिल्मी अंदाज में वाहन का स्टीयरिंग लॉक कर दिया और अंधेरे व जंगल का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। स्टीयरिंग लॉक होने के कारण शराब से लदी पिकअप सड़क पर ही फंस गई। आबकारी टीम ने काफी प्रयास किए, लेकिन वाहन हटाया नहीं जा सका। आखिरकार विभाग को क्रेन बुलवानी पड़ी और फिर क्रेन की मदद से पिकअप वाहन को जब्त किया गया। मौके पर मौजूद लोग पूरी कार्रवाई देखकर हैरान रह गए।



### 9600 बल्क लीटर शराब जब्त-

विभागीय जानकारी के अनुसार कार्रवाई में लगभग 9,600 बल्क लीटर अवैध मदिरा जब्त की गई है। खुले बाजार में इसकी अनुमानित कीमत करीब 65 लाख रुपये आंकी गई है। जब्त शराब की मात्रा वैधानिक सीमा से कई गुना अधिक होने के कारण मामले को गंभीर मानते हुए विभाग ने संपूर्ण खेप एवं वाहनों को शासकीय कब्जे में ले लिया है। कार्रवाई दल में आबकारी उपनिरीक्षक गंभीर सिंह वास्केल, जयश्री पिंगोली, मोहित बिल्ला सहित कई अधिकारियों और कर्मचारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## अमेजन ने प्रीमियन ब्यूटी सिलेक्शन का किया विस्तार

**इंदौर.** भारत के सबसे बड़े ऑनलाइन ब्यूटी स्टोर अमेजन.इन ने आज अपने प्रीमियम ब्यूटी सिलेक्शन के विस्तार की घोषणा की है . इसके तहत साल 2026 में अमेजन.इन पर 100 से अधिक नए ब्रांड्स लाइव होने के लिए तैयार हैं- जिनमें डॉल्से एंड गब्बाना, लॉरा मर्सिए, एलेमिस, अर्बन डिके, अवेद, ला रोश पोसे, बायोडांस, यूसेरिन, पॉलाज़ चॉइस, रीफ्स, अनेसा जैसे नाम शामिल हैं . भारत भर में इंटरनेशनल ब्यूटी ब्रांड्स की बढ़ती मांग को देखते हुए, इस साल होने वाले नए लॉन्चेस में जापानी, ऑस्ट्रेलियाई, फ्रेंच ब्यूटी और मिडिल ईस्टर्न फ्रेगरेंस ब्रांड्स जैसे अनेसा, कोकेबाना, मिस्टिकेयर, गोट सोप्स, कांस, वन लीफ और अन्य भी शामिल होंगे . सिद्धार्थ भगत, डायरेक्टर - ब्यूटी, अमेज़न इंडिया ने कहा भारत का ब्यूटी उद्योग अब सिर्फ उपलब्धता के आधार पर खरीदारी करने के बजाय, वैश्विक ब्यूटी ट्रेंड्स की बढ़ती समझ के कारण अधिक सोच-समझकर और नई चीज़ें तलाशने वाली खरीदारी की ओर बढ़ रहा है


## कार्यालय नगर परिषद खेतिया, जिला-बड़वानी

दूरभाष / फैक्स नं. 07286-232223/ Email - cmokhetai@mpurban.gov.in

क्रमांक / राजस्व / दुकान नीलामी / 770 / 2026 — खेतिया, दिनांक 08/05/2026

// तृतीय ई-निविदा विज्ञप्ति आमंत्रण //

नगर परिषद खेतिया जिला बड़वानी द्वारा अटल काम्पलेक्स-2 निर्मित स्थाई दुकानों की म.प्र. नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 109 के तहत मध्यप्रदेश नगर पालिका (अचल सम्पत्ति का अंतरण) नियम 2016 के नियमों के अनुसार तालिका में वर्णित संपत्तियों के विक्रय हेतु ऑनलाइन निविदा वेब पोर्टल www.mptenders.gov.in से आमंत्रित की जाती है। आरक्षित वर्ग का जाति संबंधी प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, वोटर आई.डी., राशन कार्ड / परिवार समग्र आई.डी., दूरभाष नम्बर इत्यादि लिफाफा (अ) ऑनलाइन जमा करवाया जाना होगा। लिफाफा (स) (बी.ओ.क्यू.) में अनुसूचित दर प्राईज बोली जमा की जाना होगी। प्रथम लिफाफा (अ) में चाहे गए दस्तावेज सही पाये जाने पर ही निविदा पत्र का लिफाफा (स) खोला जायेगा। दुकान के कुल मूल्य से अधिक राशि के प्रस्ताव / दर प्राप्त होने पर ही स्वीकृति उपरांत अंतरण की कार्यवाही की जावेगी। इस कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं वित्तीय बीड डालने की अंतिम तिथि दिनांक 20.05.2026 प्रातः 10.30 से दिनांक 26.05.2026 सायं 5.30 बजे तक रुपये 2000/- ऑनलाइन जमा कर क्रय किये जा सकते हैं, तथा प्रतिभूति निधि (सुरक्षा निधि) की राशि पृथक-पृथक दुकान हेतु प्रीमियम राशि मूल्य की 2.5 प्रतिशत ऑनलाइन निविदा दर प्रस्तुत की जा सकती है। ऑनलाइन तकनीकी लिफाफा-स दिनांक 28.05.2026 को समय प्रातः 10.30 बजे के मध्य खोली जायेगी अथवा संशोधन होने की दशा में लिफाफा (स) खोले जाने उपरांत पृथक से केवल ऑनलाइन सूचित किया जायेगा। दुकानों का विवरण निम्नानुसार है :-

| अनु. क्र. | दुकान क्र. | आरक्षित वर्ग | शासकीय बोली | (सुरक्षा निधि) | दुकान का साईज वर्गमीटर | टेंडर नम्बर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | अनारक्षित | 821550 | 20539/- | 10.22 | 2026_UAD_498193_1 |
| 2 | 2 | अनारक्षित | 680740 | 17019/- | 9.29 | 2026_UAD_498203_1 |
| 3 | 3 | अनारक्षित | 680740 | 17019/- | 9.29 | 2026_UAD_498209_1 |
| 4 | 4 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 673880 | 16847/- | 9.20 | 2026_UAD_498215_1 |
| 5 | 5 | अनुसूचित जाति | 673880 | 16847/- | 9.20 | 2026_UAD_498219_1 |
| 6 | 6 | अनारक्षित | 673880 | 16847/- | 9.20 | 2026_UAD_498223_1 |
| 7 | 7 | अनारक्षित | 881100 | 22028/- | 11.15 | 2026_UAD_498227_1 |
| 8 | 8 | अनुसूचित जाति | 680740 | 17019/- | 9.29 | 2026_UAD_498231_1 |
| 9 | 9 | अनुसूचित जनजाति | 680740 | 17019/- | 9.29 | 2026_UAD_498238_1 |

नोटः दुकान आवंटन हेतु नियम एवं शर्तें ऑनलाइन वेब पोर्टल www.mptenders.gov.in तथा कार्यालयीन समय में अवकाश के दिनों को छोड़कर नगर परिषद खेतिया की राजस्व शाखा में भी देखी जा सकती है। उपरोक्त निविदा के संशोधन केवल वेबसाइट पर ही Corrigendum अंतर्गत प्रकाशित किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में नहीं।

दशरथ आनंद निकुम, अध्यक्ष, नगर परिषद खेतिया
चेतन सुरेश संचेती, उपाध्यक्ष, नगर परिषद खेतिया
सचिन मोहन पटेल, प्रभारी, नगर परिषद खेतिया
ईश्वर महाले, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, मुख्य नगर परिषद खेतिया